# ...धिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे ...र्यों के सम्बन्ध में दिनांक 27.12.2022 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

...जिलाधिकारी महोदय हरदोई की अध्यक्षता में दिनांक 27.12.2022 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल ...मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ...ी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक, कलस्टर हेड ...सी0 लिमिटेड हरदोई, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर टी0पी0आई0 सेन्सिस टेक लि0, इम्पलीमेन्ट सपोर्ट ...के टीम लीडर तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 (जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई) उपस्थित रहे ...बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत निर्देश दिये गये।

...अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल कनेक्शन कार्यों की समीक्षा सहायक अभियंतावार एवं ग्राम पंचायतवार की गई। हर घर जल कनेक्शन कार्यों की प्रगति संतोषजनक ना पाए जाने के कारण उपस्थित सभी सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा एनसीसी के कलस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सहायक अभियन्ता अपने अधीनस्थ अवर अभियन्ता एवं एनसीसी के कलस्टर इंचार्ज की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा अगली बैठक के पूर्व आपेक्षित सुधार के साथ ग्राम पंचायतवार विवरण प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता जल निगम, परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

2. अद्योहस्ताक्षरी की समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक 21 ग्राम पंचायतों में हर घर जल कनेक्शन का कार्य शत् प्रतिशत् किया जा चुका है। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं एनसीसी के कलस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह अपने–अपने क्षेत्रों के कम से कम 1 ग्राम पंचायत को संतृप्त कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम, परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

3. अद्योहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में सहायक अभियन्ता तथा एनसीसी के कलस्टर इंचार्ज द्वारा अवगत कराया गया कि मैन पावर कम होने के कारण कहीं–कहीं आपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। तत्क्रम में एनसीसी के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवर अभियन्ताओं के मांग के अनुरुप मैन पावर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई )**

4. समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कुछ अवर अभियन्ता एवं कलस्टर इंचार्ज के द्वारा अवगत कराया गया कि किसी–किसी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान तथा कहीं–कहीं ग्रामवासी हर घर जल कनेक्शन के कार्यों में आपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे हैं जिससे हर घर जल कनेक्शन का कार्य प्रभावित हो रहा है तत्क्रम में सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, एन0सी0सी0 के कलस्टर इंचार्ज तथा ISA कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि समस्या आने पर तत्काल खंड विकास अधिकारी अथवा SDM को अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराएं तथा समस्या का समाधान ना होने पर लिखित अथवा दूरभाष के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी को भी अवगत कराएं।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समन्वयक डीपीएमयू, हरदोई)**

5. समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत थोककला के कलस्टर इंचार्ज द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त ग्राम के ग्रामवासी यह कह कर कनेक्शन लेने से इंकार कर रहें हैं कि पहले ग्राम पंचायत में नाली बनवाई जाए तब कनेक्शन लेंगे। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह खंड विकास अधिकारी के माध्यम से उक्त समस्या का समाधान कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई)**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में हर घर जल कनेक्शन के कार्य 50 प्रतिशत से अधिक किए जा चुके हैं उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत करें जिससे कार्यों का सत्यापन तहसीलों / ब्लॉक के सक्षम अधिकारियों के माध्यम से कराया जा सके।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम, हरदोई)**

समीक्षा बैठक में अवर अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत बरेला तिगावां एवं निबुअई के ग्राम प्रधान द्वारा आपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे हर घर जल कनेक्शन का कार्य प्रभावित हो रहा है। तत्क्रम में तत्काल अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अपने आशुलिपिक को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि उक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को दिनांक 28 दिसंबर 2022 को प्रातः 10:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होने हेतु दूरभाष पर अवगत कराएं।

समीक्षा बैठक में श्री रितेश सैनी (अवर अभियंता) द्वारा अवगत कराया गया कि विकासखंड कछौना के ग्राम पंचायत खजौना में चारों ओर आरसीसी रोड बनी है। जिसमें पाइप लाइन डालने हेतु आरसीसी रोड को बीच में तोड़ा जाना आवश्यक है परन्तु ग्राम प्रधान द्वारा आरसीसी रोड तोड़ने से मना किया जा रहा है। तत्सम्बंध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि वह मौके का निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराते हुए अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराए।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, हरदोई)**

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

दिनांक: 06/01/23

पत्रांक: 21 / आ० 70 / 14

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।